आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–31 मार्च 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विद्यार्थियों को दी ग्रीष्मकालीन अवकाश में सकारात्मक कार्य करने की सलाह। वस्त्र अपशिष्ट की बढ़ रही चुनौतियों पर भी प्रधानमंत्री ने की चर्चा।
- चित्रकूट में साढ़े ग्यारह करोड़ रूपये की लागत से बनेगा ईको टूरिज्म पार्क। पांच करोड़ रूपये की पहली किस्त जारी।
- पूरे देश में उल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है सद्भाव और भाइचारे का त्योहार ईद। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी ईद की बधाई। सभी मस्जिदों और इदगाहों पर सुरक्षा के व्यापक इंजताम।
- चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन श्रद्धालु कर रहे हैं मां ब्रह्मचारिणी की आराधना। पहले दिन आठ लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे विन्ध्याचल धाम।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सकारात्मक कार्य करने की सलाह दी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए माई भारत नामक खास कैलेंडर की चर्चा की, जिसे इस वर्ष की गर्मियों की छुट्टी के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कैलेंडर से कुछ अनूठे प्रयास किए गए हैं। इस कैलेंडर के स्टडी टूर में युवा छात्र जन औषधि केन्द्रों के बारे में जानकारी ले सकते हैं। प्रधानमंत्री ने हाल ही में सम्पन्न खेलो इंडिया पैरागेम्स में खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन खेलों में इस बार पहले से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

***मैं खेलो इंडिया पैरा गेम्सख में हिस्सां लेने वाले सभी खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रयासों के लिए बधाई देता हूं। हरियाणा, तमिलनाडु और यूपी के खिलाड़ियों के पहला दूसरा और तीसरा स्थानन हासिल करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इन खेलों के दौरान हमारे दिव्यां ग खिलाड़ियों ने 18 राष्ट्री य रिकॉर्ड भी बनाए हैं, जिनमें से 12 तो हमारी महिला खिलाड़ियों के नाम रहे हैं।***

प्रधानमंत्री ने दिल्ली में पहली बार आयोजित हुए फिट इंडिया कार्यक्रम की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इसका लक्ष्य फिट रहना और फिटनेस के बारे में लोगों को जागरूक करना था। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब स्वदेशी खेल भी लोकप्रिय हो रहे है। उन्होंने मशहूर रैपर हनुमान काइंड के नए गीत रन इट अप की चर्चा की, जो इन दिनों बहुत लोकप्रिय हो रहा है।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने टेक्सटाइल वेस्ट यानी वस्त्र अपशिष्ट की बढ़ रही चुनौतियों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक प्रतिशत से भी कम टेक्सटाइल वेस्ट को नए कपड़ों में रिसाइकिल किया जाता है।

***भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश है, जहां सबसे ज्यादा टेक्सटाइल वेस्ट् निकलता है लेकिन मुझे खुशी है कि हमारे देश में इस चुनौती से निपटने के लिए कई सरहनीय प्रयास किये जा रहे थे। कई भारतीय स्टार्टअप्स् ने टेक्सटाइल रिकवरी फैसिलिटी पर काम शुरू किया है। वह पुराने कपड़ों और जूते चप्प लों को रिसाइकल कर जरूरतमंदों तक पहुंचाते हैं कुछ संस्थायें पुराने कपड़े लेकर उसे दोबारा उपयोग करने लायक बनाती हैं और गरीबों तक पहुंचती है।***

**********

डीएलएड के दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा तीन अप्रैल से और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा सात अप्रैल से शुरू होगी। यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश परीक्षा नियामक प्राधिकारी के सचिव अनिल भूषण चतुर्वेदी ने बताया कि दूसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा में करीब पौंने तीन लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे।

**********

चित्रकूट में लगभग साढे ग्यारह करोड़ रूपये की लागत से ईको टूरिज्म पार्क बनाया जायेगा। इसके लिए पहली किस्त के रूप में पांच करोड रूपये की धनराशि जारी कर दी गयी है। पेश है एक रिपोट.....

***रामायण सर्किट का महत्वपूर्ण स्थल चित्रकूट में यूपी इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड सात एकड़ क्षेत्रफल में इको टूरिज्म पार्क का निर्माण करेगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस पार्क का उद्देश्य पर्यटकों को प्रकृति के करीब लाना और इको.फ्रेंडली पर्यटन को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि यह पार्क पर्यावरण संरक्षण के अनुरूप बनाया जाएगा जिससे क्षेत्र की जैव विविधता सुरक्षित रहेगी। यहां प्राकृतिक सुगंध से भरपूर विशेष बगीचा तैयार किया जाएगा जिसमें विभिन्न प्रकार के सुगंधित पौधे लगाए जाएंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस पार्क के निर्माण से चित्रकूट आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।***

**********

पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के बस्ती–गोविंदनगर रूट की ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली का काम कल पूरा हो गया। इसके चलते दो दिनों तक निरस्त रहने वाली भटनी–अयोध्या धाम मेमू ट्रेन और गोरखपुर–लखनऊ इंटरसिटी ट्रेन का संचालन आज से अपने पूर्व समय के अनुसार शुरू हो रहा है।

**********

सद्भाव और भाइचारे का त्योहार ईद आज पूरे देश में उल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। लखनऊ स्थित मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष तथा ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास रजवी ने कल शाम ईद का चांद देखने के बाद ईद मनाने की घोषणा की। ईद के चांद का ऐलान होते ही कल देर रात तक बाजारों में चहल–पहल बनी रही।

लखनऊ में ऐशबाग स्थित ईदगाह में आज सुबह दस बजे और आसिफी मस्जिद इमामबाड़ा में ग्यारह बजे ईद की नमाज अदा की जायेगी। प्रदेश के सभी जिलों की प्रमुख मस्जिदों में ईद की नमाज़ अलग–अलग समय पर अदा की जायेगी। इसे लेकर मस्जिद कमेटियों की तरफ से दिशा–निर्देश जारी किये जा चुके हैं। ईद के मौके पर सभी मस्जिदों और ईदगाहों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को ईद के त्योहार की बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा है कि ईद का पर्व सामाजिक एकता का पैगाम देता है। उधर, मुख्यमंत्री ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि ईद का त्योहार खुशी और आपसी भाइचारे की भावना का बढ़ाता है।

**********

मेरठ के हुमायूं नगर में ईद से पहले कल भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा मुस्लिम महिलाओं को सौगात ए मोदी सहायता किट वितरित की गई। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वासिल अली ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रगुजार हैं जिन्होंने मुस्लिम बहनों को ईद के मौके पर ईदी के रूप में सौगात ए मोदी किट दी है।

***ईद की ईदी के रूप में मोदी जी बड़े भाई के रूप में ईदी भेजते है और गरीब की ईदी में मिठास आ सके उसकी खुशियों को चार चांद लग सके और वो सुकून के साथ ईद को मना सके। इसलिये सौगाते मोदी जी देश के 32 लाख मुसलमानों को भेजने का काम मोदी की ओर से किया जा रहा है।***

**********

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की पूजा की जा रही है। श्रद्धालु सुबह से ही घरों तथा देवी मंदिरों में मां की आराधना कर रहे हैं। बलरामपुर स्थित तुलसीपुर में प्रसिद्ध शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर, सहारनपुर के माता शाकुम्भरी मंदिर और मिर्जापुर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल धाम में दर्शन पूजन के लिये भक्तों की भारी भीड़ लगी है। विन्ध्याचल धाम में वासंतिक नवरात्र मेला भी कल से शुरू हो गया है। नवरात्र के पहले दिन आठ लाख से अधिक श्रद्धालु विन्ध्याचल धाम पहुंचे।

**********

चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि और रामनवमी के अवसर पर प्रदेश भर के मंदिरों में संस्कृति विभाग के कलाकार श्रीरामचरित मानस का अखण्ड पाठ करेंगे। इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति मुकेश मेश्राम ने बताया कि आयोजन के लिये मंदिरों का चयन जिलों के अधिकारियों द्वारा किया जायेगा।

**********

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कल शाहजहांपुर के परमवीर चक्र नायक जदूनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में चौतीस करोड़ रुपये से अधिक की लागत से होने वाले जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। स्पोर्ट्स स्टेडियम में चार सौ मीटर रनिंग ट्रैक, स्विमिंग पूल, वॉलीबॉल कोर्ट आदि का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इस मौके पर राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने सांसद निधि से सौ स्पोर्ट्स किट देने और एक ओपन जिम लगवाने की भी घोषणा की।

**********

लखनऊ में उत्तर प्रदेश की मेजबानी में आयोजित सैंतालीसवीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम विजेता बन गई है। कल खेले गये फाइनल मैच में यूपी ने हिमाचल प्रदेश की टीम को पराजित कर दिया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय स्तर की इस हैंडबॉल प्रतियोगिता में देशभर की तीस टीमों ने हिस्सा लिया था।

**********